पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

साप्ताहिक

समय माया

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569, 7804872701
Phone Fax: +91 731 2015827

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 08 अंक 32 प्रति सोमवार इंदौर, 10 से 16 मार्च 2014 पृष्ठ 8 मूल्य 2/- रुपए

केंद्रीय व राज्य सरकारों की बजट नौटंकी

पूंजीपतियों के इशारे पर अपनी कमाई की व्यवस्था

सत्ताधीशों को पूंजीपतियों से ही धन मिलता है, बजट भी वही बनवाते है

हर वर्ष अगले वित्तीय वर्ष के लिये सरकार चलाने अपना कमीशन अपनी कमाई किस मद से कितनी होगी को ध्यान में रखते हुए पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, बहुराष्ट्रीय कं. जिनसे मोटा कमीशन अगले बजट वर्ष में मिलता रहेगा, इसके लिये उनके इशारे पर उनके लाभ को सुनिश्चित करने के लिय करो, किस प्रकार कितना लगाया जाये, आयकर में कितनी छूट दी जाये, कस्टम और एक्साइज से चलकर, रेल किराये, भाड़ा आदि, राज्यों के विक्रय कर, आबकारी, रायल्टी, बिजली पानी, सड़कों व अन्य आय के स्त्रोतों पर कर की दरें निर्धारित की जाती है। ताकि उद्योगपतियों, पूंजीपतियों, राष्ट्रीय, बहुराष्ट्रीय कं. द्वारा सत्ताधीशों को मोटा कमीशन सतत मिलता रहे। सभी शासकीय विभागों को चलाने सरकार की साख बनी रहे, हर वर्ग के लोगों को खुश रखने, उनसे भविष्य में वोट पाकर सरकार बनाने की स्थितियां निर्मित की जाती है। हर शासकीय विभाग की योजनाओं, खर्चों से आय और अनुमानित राजस्व की आय में से अपनी कमाई और नियोजित, अनियोजित, खर्चों, नई-पुरानी योजनाओं के खर्चों और उससे भविष्य में वोट बैंक और अपने लाभ की व्यवस्था का नियोजन बजट में अगले वित्तीय वर्ष के लिये किया जाता है।

जनता के द्वारा चुने गये लोक प्रतिनिधि नेता, मंत्रीयों, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को यह अच्छी तरह ध्यान में रहता है कि जो ये पांच वर्ष मिले है इसमें ही पुराने खर्चों को निकालने से लेकर, आगे के जीवन में अपने, अपने परिवार को चलाने के लिये सारे धन की व्यवस्था करना है, अन्यथा कोई भरोसा नहीं कि कब तक सरकार चले, दूसरा अगली बार टिकिट मिले न मिले, टिकिट मिल भी गया तो जीते या न जीते, इसलिये प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री, उनके सचिव मिलकर अपने मंत्रियों उनके सचिवों से लेकर नीचे तक सभी कमाई, कमीशन की व्यवस्था को जनहितों का नमा दिखाकर स्वहितों का पहले ध्यान रखा जाता है।

यही कारण है कि राजस्व की वसूली वाले कर विभागों और राजस्व को छोड़कर हर आबंटन जो केंद्र से राज्यों के आवंटन में भी वसूली के बाद आवंटन दिया जाता है। सारे बजट की रचना इस प्रकार की जाती है। जनहितों में खर्च किये जाने वाला हर रु. का 5 से 25 पैसे तक इनके हाथों में पुनः लौट आये, चाहे अनुदानों के माध्यम से, सेवाओं को मुफ्त में देने के माध्यम से, चाहे वो पूंजीपतियों को दिये जाने वाले लाभों में से कमीशन के तौर पर पहले आये या बाद, सर्वप्रथम पूंजीपतियों के लाभ बढ़ोत्तरी, उनकी इच्छाओं के अनुकूल, जनता से हो या सरकार का ध्यान रखा जाता है। महाघूर्त पूंजीपतियों, मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, पिछले 30-40 वर्षों से पूरा पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय पिछले 15 वर्षों से अनेकों प्रदेशों का ऊर्जा मंत्रालय हांक और इच्छानुसार नचा रहे है। तैल, गैस, बिजली जबसे निजी हाथों में जाने लगी है, उनकी इच्छानुसार हर वस्तु की कीमतें निर्धारित होती है।

अमेरिका का रुस और उसके राज्यों की बर्बादी से अभी तक दिल नहीं भरा

अमेरिकी शह पर यूक्रेन लड़ने को तैयार था रुस से

अमेरिका, रुस से अभी भी भारी दहशत में है, षड्यंत्र रचता है रुस की बर्बादी के

पूरे विश्व में 1960-70 के दशक में दो महाशक्तियां हुआ करती थी यू.एस.ए. अर्थात संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और संयुक्त सोवियत रुस गणराज्य। पूरी दुनिया के अधिकांश राष्ट्र इन दो ध्रुवों में बंटे हुए थे, जिस पर भी अमेरिका अपनी षड्यंत्रकारी नीतियां और युद्ध थोपता, सोवियत रुस उसको प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से हर प्रकार की सहायता देता, जिसमें सैन्य सहायता में, जल, थल और वायु सैन्य सामग्री, हथियार, गोला-बारुद और सैनिकों तक को लड़ने भेजता था, जिससे अमेरिकी चालें या तो विफल हो जाती या उसे वहां मुंह की खानी पड़ती, वियतनाम जैसे राष्ट्र में अमेरिका ने नौ वर्ष युद्ध किया और अंत में वहां से भागते वक्त अपने हैलिकॉप्टर्स, युद्ध पोत तक को समुद्र में डुबोकर उसके सैनिक वहां से भागे, ईरान-ईराक से युद्ध में भी ईराक को, अमेरिका, तो ईरान को रूसी अप्रत्यक्ष तन-मन-धन से सहयोगी था। 9 वर्ष चले 1977 से 1986 तक चले इस युद्ध में दोनों ही राष्ट्र ने भारी तबाही देखी थी।

इसके बाद वहां मिखाइल गोर्वाचोव को राष्ट्रपति बनाया गया जो अमेरिका का सहयोगी था उसने पूरे संयुक्त सोवियत रुस गणराज्य

को खंड-खंड बिखेर 27 राज्यों में बदल दिया, इसके बाद भी अमेरिकी प्रशासन की 25-30 वर्ष बाद भी नियत नहीं बदली और दिल भी नहीं भरा, उसके समुद्री तटों पर चिपके राज्यों में छल, बल, धन से अपने पैर पसारने और रुस को घेरने के षड्यंत्र रचता रहा है, 7 वर्ष पूर्व में उसने चेचेन्या से रुस को लड़वाया, रुस को अमेरिकी हर चाल और उसके चारों तरफ उसी के राज्यों द्वारा की जा रही गतिविधियों पर नजर रहती हैं, जब उसके पड़ोसी राज्यों की गतिविधियां रुस के विरुद्ध षड्यंत्रों, जिसमें अमेरिका, नाटो शामिल होकर ज्यादा तकलीफें देने लगते हैं। स्वाभाविक है, रुस को बचने और अपनी सुरक्षा के लिये हथियार उठाकर युद्ध के लिये विवश होना पड़ता है, जैसा कि 2008 अगस्त में चेचेन्या और अभी युक्रेन के विरुद्ध करना पड़ा।

निःसंदेह रुस के 27 टुकड़े हो जाने के बाद भी वह अमेरिका से ज्यादा शक्तिशाली हैं, पर उसकी अर्थव्यवस्था कमजोर हैं।

इसलिये वह ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मंच पर हो-हल्ला नहीं करता है, रुस सामरिक रुप से मजबूत है। उसके साइबेरिया में प्राकृतिक खनिजों की जिसमें कच्चा तेल, गैस शामिल हैं आकूत संपदा है, जिस पर अमेरिका और नाटो की निगाहें हैं। इसलिये अमेरिका उसके पुराने राज्य जो अलग होकर राष्ट्र बन चुके हैं।

उन्हें धन, बल, छल से अपनी गिरफ्त में लेकर रुस को घेरने, उसे कमजोर करने में लगा ही रहता है, साथ ही अभी भी रुस अमेरिका की हड़प नीति का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुलकर विरोध करता है, जो अमेरिका और नाटो को बिल्कुल पसंद नहीं है, क्योंकि वह उसके व्यावसायिक व सामरिक गतिविधियों को न केवल ईरान, जार्डन आदि में रोक चुका है।

फसल बीमा अरबों रु. का प्रीमियम भर हड़प रही बीमा कं.

करो, रु. 12000 करोड़ के फसल बीमे से किसानों की क्षतिपूर्ति

नौटंकी थी, म.प्र. बंद, व्यापमं की जांच को सीबीआई से बचाने की शिवराज की

म.प्र. में 18-20 फर. से हुई भारी बरसात और ओलों ने पूरे प्रदेश के अधिकांश जिलों में रबी की फसल पककर कटने को जो तैयार खड़ी थी, पूरी तरह से बर्बाद कर दी, स्वाभाविक था, व्यक्तिगत स्तर पर मप्र के 80 लाख से ज्यादा किसानों के भविष्य को अंधकारमय बनाकर कर्ज में डुबो दिया। जिसे परिणामस्वरूप कई स्थानों पर किसानों ने आत्महत्या कर ली। निःसंदेह किसानों को इस घोर पीड़ा से उबारने के लिये मु.मं. शिवराज सिंह ने संवेदनशीलता दिखाई और किसानों को ढाढंस बंधाया, इसके विपरीत पूरा प्रशासन और मंत्री परिषद जानती थी कि लोकसभा चुनाव अप्रैल में घोषित हैं। मार्च के शुरु होते ही कभी भी चुनावी सूतक की आचार संहिता लग जाने से केन्द्र सरकार आस्तित्वहीन हो जायेगी और कोई निर्णय नहीं ले सकेगी, प्रदेशभर में भारी बारिश और ओलों से बर्बादी 18-19 फरवरी से ही शुरु हो चुकी थी जो रह-रहकर 1-2 मार्च तक चलती रही, पहली भारी बारिश और बर्बादी के बाद ही प्रशासन को किसानों की फसल की क्षति के आंकलन के आदेश दिए जा चुके थे, इसलिए प्रभावित जिलों की तहसीलों में आंकलन शुरु हो चुका था और 28 फर. तक हुए सर्वे से निष्कर्ष निकाले जा चुके थे रु. 5000 करोड़ से ज्यादा की फसल पूर्णतः बर्बाद हो चुकी है, इस बीच कांग्रेस ने 6 मार्च को व्यापमं घोटाले की जांच सीबीआई से करवाने के लिए म.प्र. बंद करने की घोषणा कर दी थी। 4 मार्च 14 को चुनाव आयोग ने चुनावों के कार्यक्रम को घोषित करने के साथ ही चुनावी सूतक की आचार संहिता भी लगा दी थी,

(शेष 4 पर)

सभी भाजपा राज्य में बहुराष्ट्रीय कं. के भुगतान पत्रक पर कमीशन

मोदी प्रधानमंत्री, तो सब बहुराष्ट्रीय कं. की कठपुतली

कांग्रेस से ज्यादा घातक होगी, भाजपा की सरकार, गुलामी तेजी से लायेंगे

वर्तमान में राष्ट्र में मोदी के धुआधार चुनाव प्रचार से चारों तरफ के मोदी के प्रधानमंत्री बनने की चर्चा चारों तरफ जोरों पर है। उनकी जोड़ का अभी पूरे राष्ट्र में राष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर कोई भी ऐसा सशक्त उम्मीदवार नहीं दिखाई दे रहा है, जबकि पूर्वोत्तर, बंगाल, दक्षिण भारत के कई राज्यों में भाजपा की भूत और वर्तमान में ठोस उपस्थिति नहीं है। किसी भी व्यक्ति, वस्तु या तथ्य की भविष्य की दिशा निश्चित करने के लिये उसके भूत और वर्तमान के आंकलन से भविष्य निर्धारित होता है, यही तथ्य मोदी पर भी लागू होता है, मोदी के गुजरात की उन्नति में मोदी ने राष्ट्रीय-अंर्तराष्ट्रीय, बहुराष्ट्रीय कं. को आंख मींच कर गुजरात के औद्योगिकीकरण में, किसानों और खेती की जमीन की बर्बाद कर सहयोग कर रहा है, बिजली, पानी, सड़कों और जमीनों को उद्योगपतियों को रियायती दरों पर जनहितोंका बलाये तक रखकर उपलब्ध करवाया गया, बेशक औद्योगिकीकरण राष्ट्रोन्नति के लिये आवश्यक है। पर औद्योगिकीकरण के दुष्प्रभावों का किस प्रकार पूरा युरोप और अमेरिका व अन्य औद्योगिक रूप से भोग रहे हैं। किस प्रकार पूरी पृथ्वी के वायुमंडल को बिगाड़ा है, इसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, दूसरी और मोदी भारतीय कं. जिसमें अंबानी, टाटा, बिरला व अन्य सैकड़ों की कठपुतली बन सबकुछ उनकी मनमर्जी और इशारों पर चलकर सारी नीतियों का निर्धारण कर रहा है। (शेष पेज 7 पर)

साप्ताहिक समय माया

संपादकीय

नोट से वोट सत्ता में पहुंचते ही वोटरों को गहरी चोट

लोकतंत्र में, लोक द्वारा चुने गये प्रतिनिधि सत्ता में पहुंचते ही, जिस लोक द्वारा चुने जाते है, उनके द्वारा चुना हुआ वह नेता मंत्री, फिर उसी लोक से प्राप्त करारोपणों के लोकधन से स्वः उद्धार में जुटकर उसी लोक का घोर शोषण करते हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का विश्वव्यापी दुर्गुण है, जिसके पीछे स्वयं वही जनता जिम्मेदार है, जो इन नेताओं मंत्रियों को नोट लेकर वोट देती है, वोट देते समय मतदाता यह देखता है कि कौन सा उम्मीदवार उन पर कितना धन खर्च कर वोट मांगने आया है। स्वाभाविक है जो नेता माफिया उम्मीदवार धन खर्च करेगा वह सत्ता में पहुंचते ही, निवेशित धन को ब्याज से कई गुना ज्यादा जनता से या जनधनसे वसूलेगा।

अब जबकि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित हुये 66 वर्ष से ज्यादा हो चुके है। शिक्षा, संचार साधनों, रोजगार, व्यापार, सड़कों, स्वास्थ्य आदि का बहुत अच्छा विकास हो रहा है, स्थितियां और सामाजिक परिस्थितियां में भी काफी बदलाव हो चुका है। अब जनता के सामने अपने बहुमूल्य मताधिकार क लिये कुछ नोटो में बिकने की मजबूरी भी नहीं है, जो मजबूरी 30-40 वर्ष पहले थी, फिर संचार साधनों टीवी, मोबाइल आदि ने जागरूकता काफी बढ़ा दी है, जिससे ग्रामीणों से लेकर शहरों की झुग्गी बस्तियों जहां बड़े अपराधी नेता नोट और शराब की नदियां बहाकर मतदान अपने पक्ष में करवा लेते हैं। चुनकर सत्ता में पहुंचने के बाद वे ही अपराधी नेता जो नोट, शराब व अन्य वस्तुओं पर धन खर्च करते हैं वे उसकी उन गरीबों से ही भारी अप्रत्यक्ष करारोपण से वसूले गये धन को भारी भ्रष्टाचार में हजम कर जाते हैं। वे भले ही गेहूं, चावल आदि रु. 1 किलो में बांटकर तत्काल में भले ही गरीब हितैषी बनने की नौटंकी करें, पर यथार्थ में उसके अंतर की वसूली डीजल-पेट्रोल, ईंधन गैस, बिजली की कीमतें बढ़ाकर कई गुना ज्यादा करके यथार्थ में गहरी चोट ही पहुंचाते है। जिसका सीधा असर सबसे ज्यादा उन गरीबों पर ही ज्यादा पड़ता है, जिन्होंने नोट लेकर उन अपराधियों, नेताओं को वोट दिया था। प्रकृति का सीधा सा गणित है कि जो लिया यहीं से लिया, जो लिया उसे यहीं देना भी है। फिर जिसने लिया है वही देगा भी, फिर जो देता है वह लेगा भी और जो देगा, वह लेगा भी, चाहे इंसान हो या भगवान, सामने से नहीं लेता तो पीछे से अप्रत्यक्ष करो के रूप में, रिश्वत के रूप में लेगा, चाहे फिर वह सरकार हो जिसमें भी आपके ही द्वारा चुने गये प्रतिनिधि है। लोकतंत्र में मतदाताओं को यह समझना जरूरी है कि यदि वे नोट लेकर वोट देंगे तो स्वाभाविक रूप से महंगाई की गहरी चोट खाने के लिये भी तैयार रहना चाहिए। भ्रष्टाचार हो रहा है, वो होगा ही क्योंकि जिसने अधिकतम वोट पाने के लिये नोट बांटे है, शराब बांटी है और यथार्थ में वोट खरीदकर जीता है तो भ्रष्टाचार से ही कमायेगा। जब भ्रष्टाचार ही नेता, मंत्री, विधायक, सांसद से लेकर पार्षदों और सरपंचों की कमाई है, खर्च पूरा करने का साधन है तो भ्रष्टाचार बढ़ेगा ही, उसकी भी गहरी चोट जनता को ही लगेगी।

यदि जनता चाहती है कि महंगाई न बढ़े, भ्रष्टाचार न हो तो जनता को वोट के लिये नोट, शराब, कूकर, साड़ियां, कंबल, टीवी, लेपटॉप, मोबाइल बांटने वालों से बचें और अगर मजबूरी में ऐसी भेंट स्वीकारना ही पड़ जाए तो कम से कम ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के नेता को वोट तो कभी न दे, ताकि वो नेता जीतने के बाद जनता को गहरी चोट न दें।

प्रकृति का नियम है, जैसा बोओगे वैसा पाओगे। यदि नोट लेकर वोट दोगे जैसा कि भारतीय लोकतंत्र का पुराना इतिहास रहा है, तो फिर हर कदम चुने हुये नेता, मंत्री, बांटे गये धन को तरह-तरह के प्रपंचों से चाहे तो फिर 1 रु. किलो में गेहूं, चावल बांटकर जनता को भिखारी बनाकर अपनी वसूली और मोटे कमीशन के लिये करोड़ो किसानों, छोटे व्यापारियों को बेरोजगार बनायेंगे, जानबूझकर आयोडाइज्ड नमक खिलायेंगे, चाहे फिर जनता को ब्रेन हेमरेज की क्यों न हो।

इस संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि लोकतंत्र में हर व्यस्क नागरिक का कर्तव्य है कि वह जाति, धर्म, निर्धन, धनवान सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग गुण, बुद्धि विवेक से तत्काल के लालच को छोड़कर भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए करना चाहिए।

सुषमा की जगह, साधना सिंह लोकसभा प्रत्याशी!

पूरे देश में आम चुनाव की तैयारियों के लिए राजनीतिक चौसर बिछाने का काम चल रहा है। राज्यवार प्रत्येक राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि अपनी अपनी गोटियॉ बिठाने की जुगत में आत्ममुग्ध होकर साम,दाम,दण्ड,भेद हर तरह से तैयारियों में जुटे है । प्रत्येक राज्य में राजनीतिक और समाजिक समीकरण अलग अलग है। इस पूरे चुनाव में देश के दो प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी आमने सामने प्रतिस्पर्धा में है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। वहां पर क्षेत्रीय दलों का और क्षेत्रीय भाषी और व्यक्ति विशेष लोगों का अपना-अपना प्रभाव है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में जैसे उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,राजस्थान,दिल्ली ,हरियाणा,उत्तरा खण्ड,बिहार झारखण्ड,पंजाब आदि राज्यों में भाजपा का जनाधार दिनों दिन बढ़ रहा है तो कांग्रेस का विरोध चरम पर है। कांग्रेस कार्यकाल में निरन्तर दस वर्षो से सत्तासीन होने के कारण महंगाई और दिन पर दिन उजागर होते रहे घोटाले इसके प्रमुख कारण रहे है। भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार श्री नरेन्द्र मोदी का ओजस्वी भाषण और व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार के कारण मीडिया में चलने वाली खबरों के कारण एक ऐसा माहौल बन गया है मानों श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बन चुके है। चुनाव एक औपचारिकता मात्र बची है। इस दिव्यस्वप्न में हर भाजपा का कार्यकर्ता हो, पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि हर कोई अपने और अपने परिवार के सदस्यों के सहारे संसद भवन में पहुंचना चाह रहा है। वहीं आज कांग्रेस में कोई ओजस्वी प्रवक्ता श्री नरेन्द्र मोदी के टक्कर का मैदान में नहीं है,जो हर तरह से राजनीतिक बयान रूपी चौसर पर अपना सही मोहर फेंक सके। सभी राजनीतिक दलों के दावे स्वयं गंगाजल की तरह पवित्र और समाज का अगुआ और दूसरे दल को गंदे दल-दल का भंडार ,जन विरोधी और देश का लुटेरा साबित करने में लगे हुए है। इस लोकतांत्रिक भारत देश में अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए राजनीतिक सीढ़ी सबसे उपयुक्त माध्यम होती है। अगर राजनीति के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख श्री लालू यादव के समतुल्य मुख्यमंत्री पतिदेव श्री शिवराज सिंह चौहान हों तो ऐसा मौका सोने पर सुहागा साबित हो सकता है। ऐसा ही कुछ पूर्ववर्ती घटनाओं,वर्तमान परिस्थितियों के कारण प्रतीत होने लगा है कि विदिशा लोक सभा सीट पर एक रणनीति के तहत श्रीमती सुषमा स्वराज के स्थान पर श्रीमती साधना सिंह प्रत्याशी बन सकती है। पन्द्रहवीं लोक सभा की सदस्य एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सुषमा स्वराज से पूर्व श्री शिवराज सिंह पांच बार सांसद चुने जा चुके है। वर्ष 1991 के आम चुनाव में श्री अटल बिहारी बाजपेयी के त्याग पत्र देने के बाद मानों शिवराज सिंह चौहान को विदिशा लोकसभा सीट बिरासत में मिल गयी थी। आज शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के मुख्यमंत्री है और विदिशा और बुधनी विधान सभा से विजयी प्रत्याशी रहे है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी की तरह शिवराज सिंह चौहान विदिशा विधान सभा से त्याग पत्र दे चुके है। अर्थात आने वाले दिनों में विदिशा लोकसभा और विधान सभा का उपचुनाव एक साथ होंगें। सूत्र बताते है कि श्री शिवराज सिंह चौहान लोक सभा सीट पर अपनी पत्नी श्रीमती साधनासिंह को भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनवाना चाहते है। इसके लिए एक पूर्व से सुनियोजित योजना पर काम चल रहा है। राजनीतिक गलियारों के

जानकार श्री शिवराज सिंह चौहान और श्रीमती सुषमा स्वराज के संबंधों की राजनीतिक प्रतिस्पर्धा मन के अन्दर की कड़वाहट को भली भांति पहचानते है। इसके कई कारण भी है। श्री शिवराज सिंह चौहान के राजनीतिक गुरू श्री सुन्दर लाल पटवा श्रीमती सुषमा स्वराज के धुरविरोधी खेमें के है। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है। जब मण्डीदीप नगर पालिका के चुनाव में प्रत्याशियों का चयन हो रहा था तो चयन में सुषमा स्वराज अपने खेमें के प्रत्याशियों के लिए अड़ गई थी और तुलात्मक दृष्टि से सुषमा स्वराज का वर्चस्व भारी पड़ा था,तो श्री पटवा को निर्वाचन में उम्मीदवार बनने वाले अपने कार्यकर्ताओं के सामने लज्जित होना पड़ा था। इसी प्रकार भोजपुर में श्री पटवा के विरोधी मौन रहते थे परन्तु सुषमा स्वराज की वजह से वे सभी मुखर हो गये। विधान सभा चुनाव के दौरान श्रीमती सुषमा स्वराज विदिशा से पूर्व विधायक श्री गुरूचरण सिंह की पुत्री श्रीमती सुखप्रिय कौर राष्ट्रीय सचिव महिला मोर्चा ,को प्रत्याशी बनाने के पक्ष में थी इसके विरूद्ध श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निकट कार्यकर्ता मुकेश टंडन का नाम आगे कर दिया । जब इसका पार्टी स्तर पर और कार्यकर्ताओं में विवाद बढ़ा तो शिवराज सिंह चौहान स्वयं विदिशा से प्रत्याशी बन गये। अर्थात श्रीमती सुषमा स्वराज को अघोषित रूप से राजनीतिक मात दे कर एक तरह से वॉक ओवर कर दिया। शिवराज सिंह चौहान विदिशा विधान सभा क्षेत्र से त्याग पत्र दे चुके है और पूरे विदिशा क्षेत्र में अपनी पत्नी श्रीमती साधना सिंह को दल बल के साथ सक्रिय कर दिया है। स्वयं भी विदिशा संसदीय क्षेत्र में एक एक दिन में 10-10,12-12 गॉव घूम कर माहौल बनाने में लगे हुए है,और लोक लुभावन घोषणाऐं खेत खलिहानों में जाकर जन समूह के बीच कर रहे है। ताकि जनता को अपने प्रभाव और पत्नी के नाम पर वोट बटोरे जा सकें ,और श्रीमती सुषमा स्वराज के नाम को जनता में नगण्य किया जा सके। जनता में ऐसा माहौल बन जाय कि श्रीमती साधना सिंह और श्री शिवराज सिंह चौहान ही भरोसेमंद,जनहितैषी और संकटमोचक साबित हो जायें है। साधना सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिस प्रकार वार्तालाप ,व्यवहार और प्रचार -प्रसार हो रहा है उससे साफ संकेत मिलते है कि श्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा लोकसभा की सीट किसी तरह अपने कब्जे में करना चाहते है। श्रीमती सुषमा स्वराज के क्षेत्र में उनकी निष्क्रियता,निश्चिन्तता और उनका जनता और कार्यकर्ताओं में अलग-अलग माध्यमों से विरोध का माहौल तैयार करा रहे है ,ताकि भविष्य में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा यह संदेश देने का कार्य किया जा सके,और उन्हें बताया जा सके कि गत लोक सभा चुनावों में 4 लाख वोटों से आपको जनता ने एक तरह से वॉक ओवर दिया था वह जनता अब आपको 4 हजार वोट भी देने वाली नहीं है। जब श्रीमती स्वराज के विदिशा के अतिरिक्त अन्यत्र सुरक्षित सीट के लिए सुझाव मांगा जायेगा तो भोपाल से प्रत्याशी बनाये जाने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में भोपाल से सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कैलाश जोशी को उनकी अधिक आयु और वृद्धावस्था के नाम पर उनका टिकिट काटे जाने की पूरी संभावना बलवती हो जायेगी है। इस कार्य के लिए एक रणनीति के तहत गोपनीय तरीके से शनैः शनैः कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। दूसरा कारण एक और भी है,गत विधान सभा चुनावों में श्री शिवराज सिंह ने जिस प्रकार अपनी लगभग हारी हुई सीट को धन और तंत्र के दमपर जीत में परिवर्तित कराया उसकी रातों रात भारी कीमत भी चुकानी पड़ी अर्थात विदिशा के किसी भी आम मतदाता से पूछा जा सकता है कि चुनाव में प्रति वोटर पैसा और शराब किस कदर बॉटी गई तब कहीं जाकर मात्र 16 हजार वोटों से जीत हासिल हो पाई,जबकि वे आज प्रदेश के यशस्वी जननायक मुख्यमंत्री के नाम से देश में प्रसिद्ध है। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव में बहुत प्रशासनिक तंत्र के साथ मिलकर मेहनत करना पड़ेगी यदि विधान सभा जैसा माहौल बना तो भारी भरकम खर्चा कौन करेगा?श्रीमती सुषमा जी के नाम पर शिवराज मेहनत और पैसा क्यों खर्च करेंगें? विधान सभा खर्च के अनुपात में लोकसभा में इस प्रकार के खर्च के लिए कम से कम सौ करोड़ रूपये खर्च करने पड़ेगें। विदिशा लोकसभा में दो विधान सभा क्षेत्रों में कांग्रेस के विधायक है। तथा कई बूथों पर श्री शिवराज चौहान के कट्टर समर्थक कार्यकर्ता भी विरोध करेंगें। इन परिस्थितियों में श्री शिवराज सिंह चौहान लोकसभा के चुनाव में अपनी पत्नी श्रीमती साधना सिंह को पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी बनवाने का सशक्त प्रयास कर रहे है। सूत्र बताते है कि यदि लोकसभा चुनाव में श्रीमती साधना सिंह को प्रत्याशी बनाया जाता है तो बुधनी विधान सभा चुनाव की तरह कांग्रेस की ओर से कमजोर प्रत्याशी उतारा जायेगा और श्रीमती सुषमा स्वराज प्रत्याशी बनती है तो कांग्रेस की ओर से श्री राहुल गॉधी की गाईड लाईन का नाम लेकर एक मजबूत और प्रभावशाली प्रत्याशी मैदान में उतारा जायेगा। सूत्र बताते है कि इसका खाका श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह के साथ मिलकर तैयार कर लिया गया है। श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह के आपसी मधुर संबंधों को पार्टी का हर कार्यकर्ता जानता है। सभी जानते है कि श्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री निवास कभी नहीं जाते है बल्कि हर बार दिग्विजय सिंह के भोपाल आगमन पर श्री शिवराज सिंह चौहान श्री दिग्विजय सिंह से मिलने उनके श्यामला हिल्स स्थित सरकारी बंगले पर स्वयं मिलने जाते है। और चरण वंदन कर आर्शीवाद प्राप्त करते है। अब यदि श्रीमती सुषमा स्वराज प्रत्याशी बनती भी है,तो यह भी संभव है कि श्री दिग्विजय सिंह अपने पुत्र अथवा किसी परिवार के सदस्य अथवा नजदीकी को मैदान में कांग्रेस की ओर से लोकसभा प्रत्याशी बनाकर उतार दें। मध्य प्रदेश यह हाई प्रोफाईल लोक सभा सीट पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई है। इस लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम ,खाती, किरार, और ब्राह्मण समाज का वर्चस्व है। यह सामाजिक समीकरण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। और सभी समाजों में श्री शिवराज सिंह चौहान अपना प्रभाव जमाने के राजनीति छल, मोहमाया, संम्मोहन हर फन में माहिर खिलाड़ी है। अगर चुनाव प्रचार में शिवराज सिंह चौहान की ऑधी चली तो मध्यप्रदेश में श्रीमती सुषमा स्वराज की स्थिति सुश्री उमा भारती जैसी हो सकती है और श्रीमती साधना सिंह की श्रीमती सुषमा स्वराज जैसी राष्ट्रीय स्तर की छवि बन सकती है। इस पूरी चौसर के खिलाड़ी और पांसे फैकने वाले मध्य प्रदेश भाजपा में यथावत है। बस जैत गांव के भैया के एक इशारे का इन्तजार है। अगर ऐसा हुआ तो मध्यप्रदेश में एक बार फिर नया इतिहास रचा जायेगा। और देश नया आगाज होगा । देश में एक नया संदेश होगा पत्नी के साथ राजनीति क्षितिज पर सीढ़ी चढने वाले अकेले श्री लालू प्रसाद यादव ही नहीं श्री शिवराज सिंह चौहान भी गिने जायेंगे।

भाजपा ने किसान मोर्चा से करवाई रेल रोको की असफल नौटंकी

खाद्य सु.व मा.अधि. से होने वाली बर्बादी से ध्यान हटाने का षड़यंत्र

पूंजीपतियों की रखेल, मूखेरे जानवरों की पार्टी, अपनी वसूली के लिए छल रही है किसानों को

भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था को पूंजीपतियों, बहुराष्ट्रीय कं. के हाथ में सौंपने के लिये कांग्रेस और भाजपा दोनों ही ने न केवल कमर कस रखी है, वरन् बहुराष्ट्रीय कं. के हितों को साधने में इन गिद्ध नेताओं और भ्रष्ट जालसाज नौकरशाही ने अनेकों कानून बना जनता का चहुंदिशि बहुविधि शोषण करने की व्यवस्था कर दी है, इन घाघ कांग्रेसी, भाजपाईयों और दोनों के संप्रग और राजग के सहयोगी दलों के भेड़िये नेताओं ने ऐसे अनेकों कानूनों पर अंगूठे लगाकर देश की जनता को हर कदम नोंचने-खसोटने की अगले 200-500 वर्षों तक की व्यवस्था है, जहां जनता का शोषण सड़क से लेकर रसोई और थाली तक किया जा सके, जनता केवल सांस ले किसी प्रकार रूखा-सुखा खाकर इनका वोट बैंक बनी रह सके। संभवतः इस शोषण और जनता को लूटने का सबसे पहला कानून के इशारे पर टाटा केमिकल्स लि. को घाटे से उबारकर बचाने के लिये, तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने बनाय था। आयोडीन नमक कानून 1972 जिसमें साधारण नमक को आयोडीन मिलाकर बेचे जाने की व्यवस्था की, इसकी आवश्यकता मात्र लगभग 50 लाख लोगों को थी, आवश्यकता न होने पर भी पूरे देश की 68 करोड़ जनता पर 1972 में थोप दिया गया था, उस समय 25 पैसे में 5 किलो खड़ा नमक मिलता था, परंतु 1972 में कानून बनने के बाद यह 50 पैसे किलो बिकने लगा था, इस अधिनियम के लागू होते ही पहले ही वर्ष में यह कंपनी लाभ में आ गई थी। उसके बनाये इस कानून का परिणाम, अनावश्यक रूप से व जबरदस्ती नमक के साथ आयोडीन खाने के रूप में सामने आने के बाद भी न केवल स्वास्थ्य मंत्रालय भी कमीशन हजम करने के कारण चुप्पी मारे बैठा है, वरन् वहीं भाजपा जो विपक्ष में रहने तक आयोडीन नमक के विरूद्ध हल्ला मचाती रही, परंतु सत्ता में आने के बाद मोटे कमीशन के चलते चुप रही। अब जबकि 4 अगस्त 11 से खाद्य सुरक्षा व मानक अधि. 06 से लागू हो गया, जिसको लोकसभा में पास करते समय मोटी रिश्वत के कारण आंख भींच अंगूठा लगा दिया, जबकि इस कानून में सबसे ज्यादा दो तरफ लूट किसानों के साथ ही होना है, इसके 5 अगस्त 14 के बाद मप्र में लागू होने के बाद किसान अपनी उपज खेत-खलिहान से मंडी नहीं ले जा पायेगा। बहुराष्ट्रीय कं. उसकी उपज और उत्पादन को खेत-खलिहान जाकर खरीदेगी। स्वाभाविक है तो उसे कम से कम कीमत में ओन-पौने भाव में खरीदेगी जिससे उसकी लागत भी नहीं निकलेगी। उसकी व उसके परिवार की न्यूनतम मजदूरी और लाभ की बात तो बहुत दूर ऐसी अवस्था में किसान वर्ष दो वर्ष खेती करेगा बाद में कर्ज के बोझ को कम करने के लिये या तो आत्महत्या करेगा या ओने-पौने दाम में जमीन बैचकर भागेगा। इन सबसे किसानों का ध्यान हटाने के लिये ही भाजपा ने अपने घूर्त नेताओं को आगे कर, किसानों के लिये केन्द्र सरकार द्वारा गठित आयोग की शर्तों को लागू करने के लिये, किसान मोर्चा से पूरे देशभर में रेल रोको आंदोलन की असफल नौटंकी करवाई गई, जो पूरे देश में असफल रही।

भाजपा को सत्ता मिलते ही उसके मुख्यमंत्री, मंत्री, कांग्रेसियों के भ्रष्टाचार और लूट-खसोट को कई मामलों में पीछे छोड़ चुके है। और यथार्थ में ये भुखेरे जानवरों की पार्टी बन पूंजीपतियों यथा टाटा, अंबानी, बिरला, जेपी एसोसिएट्स, सहारा, आईटीसी, हिन्दुस्तान लीवर आदि की रखैल बन उनके हितों में, जनता की बर्बादी की दास्तां लिखने में जुटे है और सत्ता में रहकर न केवल सार्वजनिक संपत्तियों वरन जनहितों को अपना मोटा हिस्सा डकार निलाम कर रहे हैं। इसके लिये वो जनता के विरूद्ध जनता को ही हथियार बनाकर नौटंकी करवाते रहते है। जैसा कि किसान मोर्चा के द्वारा, किसानों की वास्तविक बर्बादी से ध्यान हटाकर रेल रोको आंदोलन करवाया गया।

29 गांवों को नगर निगम सीमा में शामिल करने का षड़यंत्र

मात्र भूमाफियाओं के फायदे के लिये शामिल किये जा रहे है गांव

गांवों की जमीनों को ओने-पौने हथियाकर करेंगे अरबों रु. की कमाई

इंदौर नगर निगम की सीमाओं में 29 गांवों को शामिल करने के षड़यंत्र में मुख्यमंत्री कार्यालय से मुख्य सचिव आदि से लेकर नीचे नगर निगम और पंचायतों तक सभी शामिल है। यह गांवों को नगरों की नगर निगम की सीमाओं में शामिल करने का षड़यंत्र केवल इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर में ही नहीं वरन् पूरे प्रदेश और देश में चल रहा है, यह खेल दिल्ली में और उसके आस-पास के क्षेत्रों में चलते हुये आधी शताब्दी गुजर चुकी है, जिसका मूल उद्देश्य होता है, गांवों की कृषि भूमि को कानूनी चंगुल से मुक्त करवाकर शहरी विकास के लिये उपयोग में लाकर हजारों गुना कमाई, न केवल नेता, भूमाफिया, जिलाधीशों से लेकर सभी मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर नगर निगमों के अदने से सफाइ कर्मचारी तक सबको आर्थिक लाभ मिलता है।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी जिन्होंने जनहित में उच्च न्यायालय में अनेको याचिकाएं प्रस्तुत की है। 29 गांवों के प्रकरण की याचिका भी इन्होंने ही दायर की है।

मास्टर प्लान के अनुसार नगर निगम की सीमा में 29 गांवों को शामिल करने की योजना है तो 29 गांवों को ही शामिल किया जा रहा है, उच्च न्यायालय में प्रकरण पहुंचने के बाद, उच्च न्यायालय ने न केवल इस प्रकरण को संपन में वरन जब इसके तथ्यों की जांच की गई, तो न केवल अनेकों कमियां सामने आई, इन सब कानूनी पेचीदगियों और औपचारिकताओं को पूरा न करने के पीछे भी दूसरे अन्य षड़यंत्र जो सीधे आर्थिक लाभ प्राप्ति की तैयारी में रचे गये है।

गांवों को नगर निगम सीमा में शामिल करने की घोषणा मात्र से सभी संबंधित शासकी विभागों जिसमें जिलाधीश के साथ ही सभी उपजिलाधीशों, सहायक जिलाधीशों तहसीलदारों से लेकर पटवारियों तक की उनके अधिकारों में वृद्धि हो गई, स्वाभाविक है ग्रामीणों की उनकी जमीन की कीमत के भाव आसमान छूने लगे, जिससे लेन-देन और खरीद-फरोख्त में भी करोड़ों की कमाई होगी ही, भूमाफियाओं कालोनी माफियाओं के साथ-साथ अन्य उनसे जुड़े जालसाज घूर्तों को भी मोटी कमाई के अवसर मिलते ही, बेशक इन सबकी घूर्त चालों में फंसेगी और लूटेगी वह आम जनता जो वर्षों से अपनी छत और मकान का सपना संजोये बैठी है। नगर निगम पालिकाओं से पुराने शहर की साफ-सफाई, बिजली या रात्रि पथ प्रकाश की व्यवस्था तो वर्षों से संभलती नहीं, इन नये गांवों को शामिल करने के बाद 5 वर्षों तक शामिल किये गये गांवों में, भूमाफियाओं द्वारा अपना घूर्तता के चलते बड़े-बड़े विज्ञापन देकर प्लाट, फ्लेट, मकान बैच दिये जाते हैं। उसके बाद वर्षों तक वहां पानी, बिजली, नालियों, सड़कों, स्ट्रीट लाइट आदि की व्यवस्था नहीं होती, और गांवों को जमीन का वर्षों बाद मालूम चलता है कि सरकारी भूमि, नजूल, नदी, नाले, वन भूमि आदि थी, जो कि अवैध रूप से बाद में वर्षों बाद ग्राम एवं नगर निवेश विभाग को अगर मोटी रिश्वत नहीं दी जाती है, तो वह उसे पूरा अवैध करार कर देता है। वही हाल जिलाधीश नगर निगम आदि भी करते हैं।

म.प्र. के गृह निर्माण मंडल, विकास प्राधिकरण भी जमीनों का अधिग्रहण इन गांवों-जमीनों का अधिग्रहण कर कालोनियां काटते हैं। उस वक्त भी भू अधिग्रहण का अरबों रु. के भुगतान में खूब खुलकर करोड़ों की बंदरबांट की जाती है। साथ ही शुरु हो जाता है, पार्षदों, नेताओं, विधायकों, गांवों के सरपंचों, पंचों, आयुक्त, जिलाधीश, एसडीएम, एडीएम, तहसीलदारों, पटवारियों, दलालों की लूट और वसूली का खेल।

जमीनों की खरीद-बिक्रीसे लेकर विकास के नाम, सड़कों, पुल-पुलियाओं, स्ट्रीट लाइट, बिजली कनेक्शन, पानी कनेक्शन के ठेकेदारों, विभागों की लूट और वसूली का जो 10 से 30-40 वर्षों तक पूर्ण विकसित होने तक लगातार चलता है। जिसमें हर अदने से कर्मचारी, चपरासी, बाबू से लेकर निगमायुक्त से लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव तक गाहे-बगाहे वसूली चलती रहेगी।

विश्वभर में न केवल भारत, म.प्र., इंदौर, भोपाल, जबलपुर में या अन्य सभी शहरों में बढ़ते शहरीकरण उसके परिणामस्वरूप खड़े होते, बढ़ते कांक्रीट जंगल न केवल पर्यावरण बिगाड़ रहा है, न केवल हरियाली वरन् पूरे मालवा के हर जिले की कृषि योग्य काली दूमट भुरभुरी मिट्टी जो विश्व में कृषि के लिये सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है, भूमाफियाओं, कालोनाइजरों, सत्ता में बैठे धूर्त, जालसाज, गिद्धों जो न केवल नेता, मंत्री, आईएएस, आईपीएस से लेकर एसएएस अधिकारियों कर्मचारियों के षड्यंत्रों के परिणाम स्वरुप जिसमें मोटी कमाई और शीघ्र धनाढ्य होने की महत्ताकांक्षाओं के चलते बर्बाद की जा रही है। जिससे मात्र मनुष्यों की लालची प्रवृति भर संतुष्ट हो रही हो तत्काल में, पर दीर्घकाल में अपनी ही स्वास्थ्य, स्वच्छ जलवायु की समस्याओं को बढ़ा रहा है, साथ अन्य जलचर, वनचर, नभचरों को समाप्त कर रहा है।

मप्र लो. भ्रष्टाचार निर्माण विभाग- रिश्वतों का सेतु

लो.नि. सेतु संभाग भ्रष्टों और जालसाजों का अड्डा

का.यं. रा.ना.मिश्रा ऐतिहासिक महाभ्रष्ट, जालसाज और बदतमीज

इंदौर के तीन इमली चौराहे 28 फरवरी 2014 को बन रहे रिंग रोड को फ्लाई ओवर की छत का क्रांकीट स्ले व टपक गया, इंदौर सेतु संभाग के कार्य पालन यंत्री आर.एन. मिश्रा पुराना महाभ्रष्ट, जालसाज रहा है। यह घूर्त मिश्रा यहां पिछले 15 वर्ष से ज्यादा समय से सहा. यंत्री के रूप में इंदौर संभाग-1 और 2 में रह चुका है। जहां न केवल भारी भ्रष्टाचार के लिये कुख्यात रहा वरन् अपने कार्य. यंत्रियों, अधीक्षण यंत्रियो और प्रमुख अभियंताओं की शिकायतें करने, उन्हें परेशान करने के लिये भी जाना जाता है। इसके साथ ही इसके नीचे के उपयंत्रियों, बाबुओं और चपरासियों के साथ भी बहुत ही बदतमीजी से व्यवहार करने के कारण सभी दुखी रहते है। इसकी भ्रष्टाचार करने, उसके छुपाने सब उच्च अधिकारियों जिसमें अपने वरिष्ठ अधिकारियों में पहले का.यं., अ.यं., मु.अ. प्रमुख अभियंता, सचिव, प्रधान सचिव और पूर्व के लोक निर्माण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तक इसकी बतत्तमिजियों, शिकायतों, भ्रष्टाचार आदि के कारण इसका नाम तक सुनना नहीं चाहते थे, इसलिये मंत्री विजयवर्गीय ने इसका स्थानांतरण कर दिया था, जिसे इसने भारी जोड़-तोड़ और धन खर्च कर पुनः इंदौर करवाया था। अभी भी जब इसके द्वारा बनाये जाने वाले पुल को ढह जाने के बाद अपने आप को बचाने के लिये ट्रक को टकराने की झूठी कहानी गढ़ी, जबकि उसके चारों तरफ के रहवासियों और दुकानदारों ने ही इसकी इस मनगंढ़त कहानी की स्वयं को और ठेकेदार कंपनी को बचाने की कोरी बकवास थी, भोपाल स्थित सेतु परिक्षेत्र के मु.अ. पटेल ने भी उसी दिन से इसको बचाने के लिये इसकी मनगंढ़त कहानी को पुल ढहने को आधार बनाने की कोशिश की। हाला फिलहाल इसको निलंबित किया है, जबकि ताकि इस मामले को निलंबन के शीतल में डालकर ठंडा किया जा सके। इस बीच इसको बचाने और निलंबन का समाप्त कर पुनः सक्रिय किया जा सके, जबकि इसके द्वारा बनाई गई रूचि सोया प्लांट के सामने वाली मांगलिया की सड़क में 3 माह बाद ही दरारें पढ़ गई थी, इसके सारे कार्यों का इतिहास निकाला जाये तो इसने हर कदम भ्रष्टाचारों का अंबार लगा रखा है। इसके संभागक के अंतर्गत सारे ओवर ब्रिज व अन्य पुलों की ही समीक्षा की जाये तो इसके द्वारा निर्माण किये जा रहे निर्धारित समय से दोगुना, तिगुना समय पूरा होने के बाद भी पूरे नहीं हुये, क्योंकि पूरे मप्र के सेतु संभागों में सबकी लागत बढ़ाकर कमीशन खाने की आदत है। जानबूझकर अतिक्रमण बिजली के खंभे आदि का सहारा लेकर काम अटका कर ठेकेदार को लागत का डेढ़ गुना से दो गुना भुगतान करवाकर उसमें हिस्सा डकारना चाहते हैं। जब निलंबन हो गया है तो भोपाल की अपेक्षा जिला ग्वालियर पदस्थ किया जाए ताकि जांच प्रमाणित न कर सकें।

'समय माया' के स्वामित्व एवं अन्य विवरण के संबंध में

घोषणा पत्र

फार्म-4 (नियम 8 देखिए)

1. प्रकाशक का स्थान	: इंदौर
2. प्रकाशन अवधि	: साप्ताहिक
3. मुद्रक का नाम	: अजमेरा एस.पी. कुमार
(क्या आप भारत के नागरिक हैं)	: हां
(यदि विदेशी हैं तो मूल देश)	: -
पता	: 299 अम्बेडकर नगर इंदौर (म.प्र.)
4. प्रकाशक का नाम	: अजमेरा एस.पी. कुमार
(क्या आप भारत के नागरिक हैं)	: हां
(यदि विदेशी हैं तो मूल देश)	: -
पता	: 299 अम्बेडकर नगर इंदौर (म.प्र.)
5. प्रधान संपादक का नाम	: अजमेरा एस.पी. कुमार
(क्या आप भारत के नागरिक हैं)	: हां
(यदि विदेशी हैं तो मूल देश)	: -
पता	: 299 अम्बेडकर नगर इंदौर (म.प्र.)
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझीदार हों :	: नहीं

मैं **अजमेरा एस.पी. कुमार** एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 10 मार्च 2014

हस्ताक्षर
अजमेरा एस.पी. कुमार
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

साप्ताहिक समय माया

सूचना आयोग, सत्ताधीशों के लिये अपनो को उपकृत करने का अड्डा बना

भ्रष्टों को बचाने फिर बैठा दिये, भ्रष्ट आई.ए.एस.

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा न्यायिक व्यवस्था से हो सूचना आयुक्त फिर भी एक भी नहीं, फिर पूर्व की तरह मजाक बना देंगे सू. अ. अधिनियम 05 का

पूरे भारत में सूचना अधिकार अधिनियम-05 का को लागू हुऐ 9 वर्ष पूरे होने जा रहे है, इसके विपरीत न केवल केन्द्र सरकार वरन् राज्य की सरकारों, चाहे वो कांग्रेस, भाजपा, सपा, जदयू किसी की भी हो, सबने इस कानून का खुलकर मजाक उड़ाया वरन् उसे अपनों को उपकृत करने के अड्डे के रूप में विकसित कर लिया गया। केन्द्र की कांग्रेस और उसके सहयोगी पार्टीयों के गिरोह ने भी केन्द्रीय सूचना आयोग में ऐसे चुन-चुन कर अपने खास लोगों को उपकृत किया ताकि उन्हें मोटे वेतन, गाड़ीया, बंगले देकर सरकार के विरूद्ध जाने वाली हर सूचनाओं, जानकारियों और रिकार्ड को न देने के लिये आवेदक को टरका दे। भारत सरकार का केन्द्रीय कार्मिक व व्यक्तिगत, दुख निवारण मंत्रालय ने इस कानून को लागू करने से लेकर हर वर्ष अरबों रु. इस अधिनियम को इसकी धारा 4 के अंतर्गत-17 बिंदुओं की जानकारी विभागीय इंटरनेट साइटों पर डालने और उसके उन्नयन के लिये हर राज्य सरकार के विभागों को भेजता है, जो पूरी राशि कागजों पर औपचारिकता में पूरी करके हजम कर ली जाती है।

यही कारण है कि केन्द्र के ही सभी विभागों और उपक्रमों ने 9 वर्ष बाद भी इस धारा का पालन करते हुये सारी जानकारी को ऑनलाइन इसलिये नहीं किया कि भ्रष्टाचार से धन वसूली में कोई रूकावट न आये फिर इसमें चाहे प्रधान कार्यालय हो या आयकर, कस्टम एक्साइज, के.लो. नि.वि., ऊर्जा, कृषि, उद्यानिकी, वन मंत्रालय, रेल मंत्रालय, श्रम, डाक तार, संचार आदि। यही हाल देश के 29 राज्यों और 7 केन्द्र शासित राज्यों का भी रहा।

भले ही मप्र सरकार अपनी पीठ थपथपाकर आईटीआर का पुरूस्कार ले आये परंतु इस अधिनियम को भोथरा और पंगु बनाने से लेकर सभी विभागों की जानकारियों को धारा 4 के अंतर्गत, ऑनलाइन नहीं किया गया, दूसरी ओर सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने वालों को समय पर पूरी और सही जानकारी दे दी जाये तो आखिर आवेदक क्यों पहली और निराकरण होने पर दूसरी अपील लगायेगा। न पहली अपील करने का स्पष्ट अर्थ है कि विभागीय लोक सूचना अधिकांश ने जानकारी के आवेदन का जवाब ही नहीं दिया, यदि दिया तो अत्याधिक पैसे मांगे या जैसा चाहा गया था, नहीं दिया गया। इसलिये लोक सूचना अधिकारी के विरूद्ध उसके वरिष्ठ अधिकारी को अपील की गई, यदि प्रथम अपीलीय अधि. ने उसका न्यायपूर्ण तरीके से आवेदक की समस्या का निराकरण कर दिया होता जिसके पास सूचना आयुक्त की तरह पूरे अधिकार हैं, तो उसे दूसरी अपील के लिये बाध्य ही नहीं होना पड़ता, पर प्रथम अपीलीय अधिकारी को उसे फंसाने, उलझाने वाली जानकारी देने धारा 7 (6) के अंतर्गत 30 दिन में जवाब न मिलने या टरकाने की स्थिति में न केवल चाही गई जानकारी मुफ्त में देने के साथ ही धारा 19 (8) व के अंतर्गत 250/- प्रतिदिन तक का आर्थिक दंड अधिरोपित कर देता तो जिसके प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास अधिकार है तो दूसरी अपील की नौबत ही नहीं आये। मप्र सूचना आयोग अपने गठन से लेकर वर्तमान तक केवल सत्ताधीशों के लिये ऐसे भ्रष्ट, जालसाज, आई.ए.एस, आईपीएस व अन्य पत्रकारों को उपकृत करने का अड्डा बन कर रह गया है, जिनके एहसानों को मुख्यमंत्री या सत्ताधीश न केवल उतारना, उन्हें 2 से 5 वर्ष तक सत्ता सुख देने के साथ ही अपने कुकर्मों, भ्रष्टाचार के दस्तावेजी सबूतों को आवेदक के हाथ में जाने से रोकने 2 से 4-5 वर्ष तक जानकारी आवेदक न पहुंचने देने में सहयोग करें और अपने भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में सहयोग करें। प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त पीपी. तिवारी, दूसरे इकबाल अहमद और अब तीसरे मुख्य सूचना आयुक्त के डी खान इसके जीते जागते सबूत हैं।

सबसे पहले सूचना आयोग में दो इंडियन-एव्यूसिंग सर्विस अधिकारी पी पी तिवारी और इकबाल अहमद थे, तिवारी के सेवानिवृत्ति के बाद इकबाल अहमद मु.सू.आ. का पद भार ग्रहण कर लिया था, उस समय एक महाभ्रष्ट जालसाज इंडियन क्राइम प्रोटेक्शन सर्विस अधिकारी दिनेश जुगरान थे, पत्रकार ज्यादा शोर-शराबा न करें, एक पत्रकार महेश बाजपेयी को भी सूचना आयुक्त के पद से नवाज दिया गया था, इन सब भ्रष्ट जालसाजों ने न केवल कानूनी प्रक्रियाओं का पालन तो दूर, अपनी अनावेदका से खूब वसूली के बदले आवेदकों को डांटना, फटकारना, बदतमीजी दिखाने के साथ ही सामने बैठे अनावेदक दाता अधिकारी को मान-सम्मान देकर, आवेदकों को तिरस्कार भी बुरी तरह से करके, जानकारी न मांगने, जानकारी का क्या करोगे, क्या मिलेगा तक करते थे।

जब इनकी इन सच्चाइयों को समय माया ने जोर-शोर से प्रकाशित किया तो सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लेकर जुलाई 12 में स्पष्ट कहा था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति न्यायिक व्यवस्था में कार्य कर रहे या सेवा निवृत्तों में से की जानी चाहिए जिन्हें न्यायिक प्रक्रिया का ज्ञान हो। इन सब तथ्यों के विपरीत मप्र सरकार के मु.मं. शिवराज ने फिर उच्च न्यायालय के आदेश पर, मुख्य सूचना आयुक्त अन्य आयुक्तों के पदों के लिये विज्ञापन भी दिया आवेदन भी बुलाने की नौटंकी पूरी की और पुनः 8 वर्ष पुराने ढर्रे पर चलकर अपनी मनमर्जी से दो इंडियन एव्यूसिंग सर्विस अधिकारी केडी खान और एच एल त्रिवेदी, एक आईपीएस एस.आर. सिंग को पत्रकारों का मुंह बंद रखने दो खास भांड पत्रकारों जे.के. शर्मा और आत्मदीप को सूचना आयुक्त बना दिया जो पुराना इतिहास दोहराते हुए सरकार को बचाते हुये उन्हें सीधे अपीलों के निराकरण कर पूर्व की तरह इतिहास बनायेंगे।

म.प्र. वाणिज्यकर अधिकारियों, कर्मचारियों की घोर कमी से परेशान

कर चोरी, जालसाजियां, वसूली बढ़ रही है शासन मौन

फार्म 49, 51 व अन्य फार्मों से कर चोरी की घटनायें बढ़ाने, स्वयं प्रशासन जिम्मेदार

म.प्र. वाणिज्यिक कर विभाग में पिछले 12-15 वर्षों से अधिकारियों, कर्मचारियों की काम के बढ़ते बोझ से कमी महसूस की जा रही है, लगातार व्यापार और व्यापार करने के तरीकों में बढ़ोत्री के साथ बदलाव आ रहा है, बेशक कीमतों के बढ़ने से कर प्राप्ति में भी हर वर्ष बढ़ोत्री हो रही है परन्तु उसी अनुमात में कर चोरी के कारण, कर की वास्तविक वसूली का प्रतिशत घट रहा हैं, जिसके पीछे प्रशासन का निकम्मापन और आयुक्त का ढीलापन भी हैं, वैसे भी वर्तमान आयुक्त अमित राठौर येन-केन प्रकारेण अधिकतर समय कार्यालय से दूर रहकर पूरा कर रहे हैं। विभाग में सैकड़ों कर्मचारी अधिकारी हर वर्ष सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

फिर विभाग में ही अनेकों शाखायें, जिसमें आडिट विंग, एंटी इवेजन विंग, आइटीआर आदि भी खुल चुकी हैं। इसके विपरीत 432 स.वा.क. अधि. के पदों पर मात्र 164 ही है। निरीक्षकों के 300 पद और उपायुक्त के 18 पद खाली हैं। 30 जांच चौकियों पर भी अधिकांश पद खाली हैं। स्वाभाविक है, हर कार्य स्टाफ की कमी से प्रभावित हो रहा है। इसलिए प्रतिदिन करोड़ों रु. की कर चोरी शातिर व्यापारी कंपनियां आसानी से कर रही हैं। फिर एंटी इवेजन विंग भी हर जिले में एक होना चाहिए पर दो-दो संभागों में एक विंग हैं, पूरे म.प्र. के 51 जिलों में मात्र 5 विंग है। जो कि पूर्णतः कर चोरी रोकने में असक्षम हैं। जबकि हर जिले में एक विंग होना चाहिए जो सक्षमता से कर चोरी रोक सकें। स्टॉफ की कमी से न केवल कर चोरी को बढ़ावा मिल रहा है, वरन भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है, बेशक कंम्प्यूटराइजेशन और ऑनलाइन कर संग्रहण, पंजीयन से छोटा भ्रष्टाचार रुका है, तो इससे सी फार्म, फार्म 49, 51 व अन्य फार्मों से कर चोरी और जालसाजियां बढ़ी हैं। जिसका उदाहरण स्वरुप एजेंट सुरेश गोयल जिसने करोड़ों रु. की सी फार्म के अवैध बिक्री से स्वयं कमाई करके करवाई जिसमें वृत्त क्र. 5 की फार्म नियो कॉर्प इंटरनेशनल का नाम सबसे ऊपर रहा, सी फार्म की जालसाजियों में पकड़ा गया। सुरेश गोयल है। मात्र एक नाम है, जिसे भी अधिकारियों-कर्मचारियों को बचाने के लिए लीपापोती की प्रक्रिया उच्चस्तर पर चल रही हैं, वह अरबों रु. का घोटाला भले ही पूरा खुले न खुले परन्तु भविष्य में ऐसी जालसाजियों को रोकने की भी पूरी ठोस व्यवस्था नहीं की जा रही है, इसके मूल में टाटा कंसलटेंसी द्वारा मोटे कमीशन पर बनाये गये वाणिज्यकर के साफ्टवेयर भी हैं। जिसमें 5 वर्षों के बाद भी छोड़ी गई त्रुटियां, कमियां, शासन के निकम्मेपन के कारण दूर नहीं की जा रही है।

खई है रे कसम हमने

खई है रे कसम हमने
देश को गुलाम करने की,
अई जा रे उड़ के गोरा परदेशी
कमा संभाल लूटने की
बेरोजगार करी दे,
खेती छुड़ाई ले,
जर, जंगल, जोरू सब तेरी है,
सब तू लेई जा रहे आकर
परवाह नहीं हमें डूबने की,

खई है, रे कसम हमने
देश को गुलाम करने की,
अई जा रे उड़ के गोरा परदेशी
कमान संभाल लूटने की

आंसू हमने देखे नहीं
गरीब की आंखों में
वो कैसी गरीबी है,
जिसमें भूख के लिये
आंख में आंसू नहीं,
कमीशन देई जा हमे तो तू,
गुलाम बनाई के सब लूट लेई जा तू
खई है रे, कसम हमने
देश को गुलाम करने की
अगर जनता ने हमे चुन ही लिया है
सत्ता हमे सौंप ही दिया है
तो कमीशन खाना हमारा धर्म है,
5 वर्ष ही तो लक्ष्मी का करम है,
जितना लूट सके लूट लेई रे
वरना अंत काल पछतायेगा
सत्ता जायेगी छूट रे
खई है रे, कसम हमने
देश को गुलाम करने की
खेत बैच दे,
खलिहान बैच दे
मातृभूमि बैच दे
इस देश का हर इंसान बेच दे
अपने कमीशन के लिये
सत्ता में रहते
देश का हर सामान बेंच दे,
कल रहा न रहा
अपनी आत्मा से
चुकता ईमान बेंच दे
खई है, रे कसम हमने
देश को गुलाम करने की

- कवि, अजमेरा एस.पी. कुमार
इंदौर (म.प्र.)

रु.12000 करोड़ के फसल बीमे से किसानों की बर्बादी की क्षतिपूर्ति

पेज 1 का शेष

स्वाभाविक था केन्द्र सरकार नियमित कार्य करने और मांग पूरी करने का अधिकार खो चुकी थी, यह भाजपा सरकार और म.प्र. का प्रशासन अच्छी तरह जानता था, इन सबके विपरीत 6 मार्च को किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए म.प्र. बंद करने का क्या औचित्य था। इस नौटंकी का मात्र इतना औचित्य था कि जनता की भले ही बर्बादी हो, परन्तु कांग्रेस जो व्यापमं घोटाले के विरुद्ध आंदोलन कर सीबीआई की मांग करने जा रही है, जिसमें अधिकांश मंत्री, विधायक, उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की संलिप्तता सिद्ध हो चुकी है, उन्हें बचाने के लिए मामला सीबीआई के हाथ न चला जाये, अन्यथा जनता के सामने जो पोल खुलेगी वो तो ठीक है, परन्तु अधिकांश मंत्री विधायकों, अधिकारियों को नहीं बचाया जा सकेगा, इसलिए किसानों की बर्बादी के मुआवजे के नाम पर स्वयं ही आंदोलन की नौटंकी कर डाली। भले ही म.प्र. की जनता, व्यापारियों का नुकसान हुआ तो हुआ, इससे इन भाजपाई धूर्तों को क्या फर्क पड़ता है। कम से कम इन्हें तो इस बात की खुशी हुई कि कांग्रेस बंद का आह्वान कर जनता का ध्यानाकर्षण नहीं कर पाई, दूसरा इनके विरुद्ध सीबीआई को व्यापमं की जांच हाथ नहीं लगी।

